Witness No ..... **04** .... for ..... अभियोजन साक्षी...........Deposition taken the ..... 24/06/26.... day of ........ Witness's apparent age ...... 27 वर्ष ........

States on affirmation ... शपथपूर्वक .. my name is ...**डॉ. देवेन्द्र कुमार कश्यप**........

Son of ..कौशल प्रसाद कश्यप.. occupation ........चिकित्सा अधिकारी.....................

address सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरीनारायण, जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)... ...

समय 12.44 बजे।

**मुख्य परीक्षण द्वारा श्री योगेश गोपाल अतिरिक्त लोक अभियोजक**

1. मैं दिनांक 18 मार्च 2025 से वर्तमान तक सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हूं।

2. मेरी उक्त पदस्थापना के दौरान दिनांक 02.06.2025 को थाना शिवरीनारायण के आरक्षक द्वारिका साहू क्रमांक 39 के द्वारा आहत किशोर कुमार कुर्रे पिता स्व० राम बगस कुर्रे को मेरे समक्ष मुलाहजा हेतु पेश किया गया था। तब मैंने निम्नानुसार परीक्षण किया था।

I मेरे द्वारा परीक्षण के दौरान आहत किशोर कुमार कुर्रे के माथे पर सूजन था।

ii आहत के सीधे कोहने के पास खरोज था।

iii आहत ने मुझे बताया था कि उसके सीने एवं कमर पर दर्ज था।

iv आहत के उल्टे हाथ के पास सूजन था।

**अभिमत** – मेरे मतानुसार आहत को आयी चोटे सामान्य थी। आहत का चोट कठोर व भोथरे से आना प्रतीत हो रहा था। तत्संबंध में मेरे द्वारा दिया गया परीक्षण प्रतिवेदन **प्र.पी.–04** है जिसके अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है।

3. दिनांक 20.8.2025 को थाना शिवरीनारायण के अपराध क्रमांक 208/2025 धारा 191(2), 151(3), 109(1), 103(1) BNS में आरोपीगण का घटना के समय पहने हये कपडे का क्यूरी कर अभिमत देने बाबत पत्र **प्र०पी०–05** प्राप्त हुआ था। क्या

आरोपी विरेन्द्र कुमार कुर्रे के द्वारा घटना के समय पहने हुये सफेद कलर का हाप सेन्डों(बनीयान) जिसमे रक्त जैसे धब्बा मानव रक्त है?

4. क्या आरोपी राम शंकर तुरी के द्वारा घटना के समय पहने हुये काला ग्रे कलर का फुल शर्ट जिसमे रक्त जैसे धब्बा मानव रक्त है?

5. क्या आरापियॅा सुशीला ऊर्फ कांती कुर्रे के द्वारा घटना के समय पहने हुये एक लाल रंग का सलवार कुर्ती बीच–बीच में सफेद लाईनिंग बना है जिसमें रक्त जैसे धब्बा मानव रक्त है?

6. क्या राकेश कुर्रे के द्वारा घटना के समय पहने हुये गुलाबी कलर का टी शर्ट जिसमें रक्त जैसा धब्बा मानव रक्त है?

7. क्या राजेश कुर्रे के द्वारा घटना के समय पहने हुये काला कलर का हाफ टी शर्ट जिसमें रक्त जैसा धब्बा मानव रक्त है? यदि कोई तथ्य जो प्रकरण में सहायक हो इसके संबंध में स्पष्ट मत देवे। मैने उसी आरक्षक को सीलबंद कर प्रिजर्व कर रासायनिक परीक्षण की सलाह देते हुये वापस कर दिया। क्यूरी रिपोर्ट प्रतिवेदन **प्र०पी०–05** है, जिसके अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर है।

**<u>प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री अनुप मजूमदार अधिवक्ता वास्ते अभियुक्तगण</u>**

8. यह कहना सही है कि आहत किशोर कुमार कुर्रे को आयी चोटे कितने समय पूर्व की है इसका उल्लेख मैने प्र०पी०–04 में नही किया है। यह कहना सही है कि प्र०पी०–04 में आहत को आयी चोटे के प्रकृति, आकार, प्रकार का उल्लेख मैने नही किया है। यह कहना सही है कि प्र०पी०–04 में दर्द होने का उल्लेख मैने आहत के बताये अनुसार उल्लेख किया है। यह कहना सही है कि आहत को आयी चोटे कडे एवं भोथरे वस्तु व स्थान से टकराने से आ सकती है।

9. यह कहना सही है कि पुलिस के द्वारा जो संपत्ति प्र०पी०–05 के अनुसार क्यूरी हेतु भेजी गयी थी वह खुले अवस्था में झोले में भरकर भेजी गयी थी। यह कहना सही है कि मैंने उक्त संम्पत्ति को सील बंद कर वापस नही किया था। यह कहना सही है कि संपत्ति जिस हालत में आरक्षक के द्वारा मेरे पास लायी थी मैंने उसी हालत में उसी आरक्षक को वापस कर दिया था।

**समय– 01.12 बजे।**

साक्षी को पढ़कर सुनाया, समझाया गया
सही होना स्वीकार किया गया।

सही/–
(मुकेश कुमार तिवारी)
अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर(FTC)
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)

मेरे निर्देशन पर टंकित।

सही/–
(मुकेश कुमार तिवारी)
अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर(FTC)
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)

साक्षी का हस्ताक्षर

पूर्वगामी कथन अभियुक्त की हाजिरी में जिसे कि साक्षी का प्रतिपरीक्षण करने का अवसर दिया गया था, लिया गया। यह कथन साक्षी को समझाया गया तथा मेरे द्वारा उसकी उपस्थिति में प्रमाणित किया गया।

सही/–
(मुकेश कुमार तिवारी)
अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर(FTC)
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)